16 मार्च 2026
सोमवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण




ओवरटेक की सनक में मौत : पुराना भोजपुर में ट्रक चालक ने प्रतिद्वंद्वी को रौंदा, गिरफ्तार

2



## एक नजर

### रात भर स्टार्ट रही बाइक धुएं के कारण एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में घर के अंदर बाइक को रात भर स्टार्ट कर रखना एक परिवार को भारी पड़ गया। इससे निकलने वाले धुएं के कारण दम घुटने से परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई।पुलिस के अनुसार, हेयर सैलून चलाने वाले मुरली ने शनिवार को मोटरसाइकिल की सर्विसिंग करवाई थी। इंजन में खराबी के कारण मैकेनिक ने पिस्टन बदल दिया। मैकेनिक ने उसे रात भर इंजन चालू रखने की सलाह दी थी।मुरली ने घर की सभी खिड़कियां बंद कर दीं और मोटरसाइकिल चालू छोड़ दी। मुरली और उसकी पत्नी रेवती छत पर सो गए, जबकि उसके पिता रामचंद्रैया, बेटा कार्तिक और जुड़वां बेटियां चरिता और चंदना घर में सो रहे थे। सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद होने के कारण मोटरसाइकिल से निकला धुआं पूरे घर में भर गया।रविवार सुबह रामचंद्रैया, उनकी जुड़वां पोती चरिता और चंदना और पोता कार्तिक मृत पाए गए। छत पर सो रहे मुरली और उसकी पत्नी बच गए।

### अब इंडस्ट्री को मिलेगी सस्ती बिजली, सरकार ने बदल दिए नियम

**नई दिल्ली।** भारत के ऊर्जा क्षेत्र और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा नीतिगत कदम उठाया है। 'इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) रूल्स, 2026' को अधिसूचित करते हुए ऊर्जा मंत्रालय ने कैप्टिव पावर जनरेशन के नियमों में अहम बदलाव किए हैं। हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य उद्योगों के लिए नियामक अस्पष्टता को खत्म करना और भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को हासिल करना है। नए नियमों के तहत कैप्टिव पावर प्लांट्स के स्वामित्व की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। अब इसमें उस इकाई की सहायक कंपनियों, होल्डिंग कंपनियों और होल्डिंग कंपनी की अन्य सहायक कंपनियों को भी शामिल किया गया है, जो कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट स्थापित करती हैं।

# 6 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का एलान

- 9 और 23 अप्रैल को मतदान, 4 मई को आएंगे नतीजे
- गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा की 8 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का शेड्यूल जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने देश के 6 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव आयोग के अनुसार, इन सीटों पर दो चरणों में मतदान कराया जाएगा। कुछ राज्यों में 9 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे, जबकि अन्य सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। सभी सीटों की मतगणना 4 मई को की जाएगी। उपचुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही संबंधित राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। राजनीतिक दलों ने भी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं और अब इन सीटों पर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। उपचुनाव के तहत गोवा, कर्नाटक, नागालैंड, और त्रिपुरा की विधानसभा सीटों पर 9 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। इन राज्यों में राजनीतिक दलों ने चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं और जल्द ही राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों की घोषणा भी कर सकते हैं। वहीं गुजरात और महाराष्ट्र की विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इन राज्यों में भी उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है और पार्टियां चुनावी रणनीति बनाने में जुट गई हैं। सभी 8 विधानसभा सीटों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी। उसी दिन परिणाम घोषित होंगे और यह साफ हो जाएगा कि किन दलों को इन सीटों पर जीत मिली है।

### 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी ऐलान

इससे पहले चुनाव आयोग ने रविवार को असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान किया। असम, केरल और पुडुचेरी में एक चरण में 9 अप्रैल को चुनाव होंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। जबकि, तमिलनाडु में एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा। इन सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश के चुनावों के नतीजे 4 मई को जारी किए जाएंगे। पांचों राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव की घोषणा होने के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।महाराष्ट्र और गुजरात की तीन सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होंगे। इन सीटों के लिए 30 मार्च को नोटिफिकेशन जारी होंगे। 6 अप्रैल नामांकन के लिए आखिरी दिन होगा। 7 अप्रैल को नामांकन की छटनी होगी और नाम वापस लेने के लिए 9 अप्रैल आखिरी दिन होगा। यहां 23 अप्रैल को वोटिंग होगी और 4 मई को नतीजों का ऐलान होगा।

# आबकारी नीति मामले में केजरीवाल पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की रद्द की गई आबकारी नीति मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने अदालत से मांग की है कि उनके खिलाफ सीबीआई की अपील को दिल्ली हाई कोर्ट की मौजूदा बेंच से हटाकर किसी दूसरी बेंच में स्थानांतरित किया जाए। इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी अलग याचिका दायर की है। दोनों नेताओं ने हाई कोर्ट की ओर से जारी समन को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। यह मामला उस समय फिर चर्चा में आया जब 27 फरवरी को ट्रायल कोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और 21 अन्य आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया था। अदालत ने सीबीआई की चार्जशीट पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि यह न्यायिक जांच में टिक नहीं सकी। इसके बाद सीबीआई ने इस फैसले को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में अपील दायर कर दी। यह मामला फिलहाल जस्टिस स्वरना कांत शर्मा की बेंच के सामने सूचीबद्ध है। अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि सीबीआई की अपील की सुनवाई किसी दूसरी बेंच के सामने कराई जाए।

## देशभर में सुबह से लाइनें लगीं, गैस सिलेंडर के लिए जनता त्रस्त

# सिलेंडर के लिए राजस्थान से लेकर बिहार तक कई जगह लगा जाम



- 950 वाला घरेलू गैस सिलेंडर ब्लैक में 3500 का मिल रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देश में एलपीजी संकट बढ़ गया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब-चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान सहित अन्य राज्यों में सिलेंडर के लिए सुबह से ही गैस एजेंसियों और गोदामों पर लाइनें लग गई हैं। एलपीजी संकट के कारण गैस सिलेंडर की कालाबाजारी भी बढ़ गई है। 950 रुपए में आने वाला घरेलू गैस सिलेंडर 3500 रुपए और 2 हजार रुपए के कॉमर्शियल सिलेंडर ब्लैक में 5 हजार रुपए में बेचा जा रहा है। यूपी में एलपीजी के लिए लोग परेशान हैं। छठे दिन भी गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। बुकिंग के बाद भी लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। कानपुर में सुबह 9 बजे एक एजेंसी के बाहर ह्यआज गैस नहीं मिलेगी का नोटिस देखकर लोगों ने हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को समझाकर शांत कराया। पूरे राजस्थान में एलपीजी के लिए लोग परेशान हैं। रसोई में चूल्हे तक नहीं जल रहे हैं। गैस गोदाम के बाहर लाइन लगी है। वहां के स्टाफ से ग्राहकों की तकरार हो रही है। ऐसा ही हाल एलपीजी-सीएनजी स्टेशन का भी है। ऑटो की एक-एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी है। पूरी रात स्टेशन के बाहर गुजारनी पड़ रही है, फिर भी पर्याप्त एलपीजी नहीं मिल पा रही है।

### बिहार, पटना में सुबह 4 बजे से लंबी लाइन लगीं

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में एलपीजी की किल्लत जारी है। बिहार में भी रसोई गैस का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिलेंडर लेने के लिए लोग सुबह से ही गैस एजेंसियों के बाहर लाइन में खड़े हो जा रहे हैं। पटना के बिहटा में सुबह 4 बजे से गैस एजेंसी के बाहर लंबी लाइन नजर आई। वहीं, दानापुर और बगहा में गैस सिलेंडर आने के बाद भी उसे बांटा नहीं गया तो नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दिया। पंजाब-चंडीगढ़ में गैस संकट अब भी बरकरार है। बरनाला में बस स्टैंड के पास एक चाय विक्रेता के ठेले से सिलेंडर चुरा लिया। पीड़ित बनवारी लाल ने बताया कि वह एक मिनट के लिए चाय के ठेले से सिलेंडर रखकर पास की दुकान पर चाय देने गया था। इसी दौरान सफेद रंग की बाइक पर सवार दो युवक आए और सिलेंडर चुराकर फरार हो गए। वहीं फिरोजपुर में 1600 रुपए में बिना बुकिंग किए घरेलू सिलेंडर बेचने का वीडियो सामने आया है। सुखदेव गुरेजा ने 5 मार्च को एचपी गैस एजेंसी से घरेलू सिलेंडर बुक करवाया था। कई दिन बीत जाने के बावजूद एजेंसी की ओर से सिलेंडर नहीं दिया गया। मध्य प्रदेश में रसोई गैस को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। एक तरफ जहां कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से होटलों के चूल्हे ठंडे पड़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ घरेलू गैस के लिए आम आदमी को धूप में घंटों पसीना बहाना पड़ रहा है। प्रदेश के अलग-अलग शहरों से किल्लत और राहत की मिली-जुली तस्वीरें सामने आ रही हैं।

# संसद के दरवाजे पर चाय-पकौड़े खाते हैं और विरोध करते हैं: शाह

**एजेंसी। गुवाहाटी**



असम में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी गर्माहट बढ़ गई है। आरोप-प्रत्यारोप की तेज होती सियासत के बीच राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी रण में अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच दो दिवसीय असम दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में नवनिर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई नई परियोजनाओं की शुरूआत भी की। इस दौरान अमित शाह ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संसद देश के लोकतंत्र की सबसे बड़ी संस्था है और वहां इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी कभी-कभी संसद के दरवाजे पर बैठकर चाय और पकौड़े खाते हैं और विरोध प्रदर्शन करते हैं। उनके अनुसार संसद परिसर ऐसा स्थान नहीं है जहां इस तरह का प्रदर्शन किया जाए। शाह ने कहा कि इससे देश की छवि दुनिया में खराब होती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को सरकार का विरोध करने और प्रदर्शन करने का पूरा अधिकार है, लेकिन संसद के अंदर चर्चा करने के बजाय इस तरह का तरीका अपनाना सही नहीं है। शाह ने यह भी कहा कि संसद में बहस से बचना और बाहर इस तरह की गतिविधियां करना लोकतांत्रिक परंपरा के खिलाफ है। गृह मंत्री ने कहा कि जब दुनिया भर के लोग भारत की ताकत और युवाओं की क्षमता देखने आते हैं, तब इस तरह के कदम देश की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता ऐसे व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगी।

# नेपाल से भारत लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस गहरी खाई में गिरी, हादसे में सात लोगों की मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नेपाल के गोरखा जिले में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में कम से कम सात भारतीय श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालु मनकामना मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, श्रद्धालुओं को ले जा रही एक इलेक्ट्रिक माइक्रोबस साहिद लखन ग्रामीण नगरपालिका के कंतार क्षेत्र में अचानक सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। गोरखा जिला पुलिस कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक राज कुमार श्रेष्ठ ने बताया कि दुर्घटना में घायल सात श्रद्धालुओं को इलाज के लिए चितवन जिले के भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार माइक्रोबस में एक दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। गोरखा के मुख्य जिला अधिकारी तुलसी बहादुर श्रेष्ठ ने बताया कि माइक्रोबस मनकामना मंदिर से पश्चिम दिशा में तनहूं जिले के अनबुखैरेनी क्षेत्र की ओर जा रही थी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मंदिर दर्शन के बाद श्रद्धालु किस स्थान की ओर जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन आशंका है कि पहाड़ी सड़क के एक मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया।







# ब्रह्मपुर में विवाहिता के आत्महत्या के प्रयास मामले में दर्ज हुआ एफआईआर



■ **आरा के निजी अस्पताल में आपरेशन कर निकाल दी गई है फंसी गोली, मायके वालों ने आरोपों से किया इंकार, कई बिंदुओं पर जांच कर रही है पुलिस**

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर में 23 वर्षीय विवाहिता आंचल सिंह पति प्रवीण सिंह द्वारा खुद को गोली मार आत्महत्या के प्रयास मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। एफआईआर अस्पताल में उसके फर्द बयान के आधार पर दर्ज किया गया है, जिसमें जख्मी महिला ने बताई है कि उसके प्रेव विवाह से उसके माता-पिता नाराज चल रहे थे तथा शुक्रवार को वह अपने मायके वालों को मनाने गई थी, लेकिन माता-पिता ने उसे दरवाजे से ही बैरंग लौटा दिया था। जिससे उसने आत्महत्या की नियत से किसी युवक से कट्टा ले खुद को गोली मार ली थी।

वहीं, उसके पति का कहना है कि मायकों वालों के व्यवहार से वह पिछले दो वर्षो से मानसिक दबाव में चल रही थी। शुक्रवार को वह जेके सिमेंट फैक्ट्री में काम करने गया था, इसी दौरान सूचना मिली कि आंचल ने खुद को गोली मार ली है, इसके बाद हमलोग उसे अस्पताल लेकर आए है। जबकि मायके वालों ने उसके आरोपों से इंकार किया है। पुलिस की पूछताछ में उसके पिता उमेश सिंह ने बताया कि शादी के बाद वह कभी अपने मायके नहीं आई है, जबकि उसका भाई विदेश में नौकरी करता है।

बता दें कि ब्रह्मपुर नगर पंचायत के वार्ड 14 अंतर्गत कांट निवासी प्रवीण कुमार सिंह की पत्नी आंचल ने शुक्रवार को आत्महत्या की नियत से खुद को गोली मार ली थी।

गोली लगने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई, इसकी जानकारी मिलते ही उसके पति तथा देवर सहित परिवार के लोग आनन फानन में इलाज के लिए उसे आरा लेकर गए, जहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। गौरतलब हो कि आरा में इलाज के दौरान आंचल ने बताई थी कि 4 अक्टूबर 2021 को अपने घर वालों की मर्जी के खिलाफ प्रवीण से लव मैरिज की थी, जबकि उसके पिता का कहना है कि उसने वर्ष 2018 में ही घर से भागकर शादी कर ली थी।

इस संबंध में ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने बताया कि जख्मी के बयान पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस एफआईआर में वर्णित तथ्यों के अलावे कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जल्दी ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# ओवरटेक की सनक में मौत : पुराना भोजपुर में ट्रक चालक ने प्रतिद्वंद्वी को रौंदा, गिरफ्तार

■ **नो-एंट्री खुलते ही आगे निकलने की होड़ बनी जानलेवा, मऊ के चालक की मौके पर मौत, आरोपी ट्रक समेत दबोचा गया, घटनास्थल से लोहे की रॉड बरामद**





**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर में शनिवार की देर रात ट्रकों के बीच आगे निकलने की होड़ ने ऐसा खूनी मोड़ ले लिया, जिसने सड़क को कुछ ही पलों में रणक्षेत्र में बदल दिया। ओवरटेक को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना हिंसक हो गया कि एक ट्रक चालक ने दूसरे चालक को वाहन से कुचल दिया। टक्कर नहीं, बल्कि रौंदकर की गई इस वारदात में 35 वर्षीय चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई, जबकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को ट्रक समेत दबोच लिया। घटनास्थल से एक लोहे की रॉड भी बरामद की गई है, जिसने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। जानकारी के अनुसार, डुमरांव शहर में रात 10 बजे के बाद नो-एंट्री समाप्त होते ही भारी वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाती है। इसी समय शहर से बाहर निकलने और पहले आगे बढ़ने की होड़ में ट्रक चालकों के बीच अक्सर तनाव की स्थिति बन जाती है। शनिवार की रात भी यही जल्दबाजी एक चालक की जान पर भारी पड़ गई। नो-एंट्री खुलने के बाद ट्रकों की लंबी कतार धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान दो ट्रकों के चालकों के बीच ओवरटेक को लेकर कहासुनी शुरू हुई। पहले जुबानी तकरार हुई, फिर मामला उग्र हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस को मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, विवाद बढ़ने पर एक चालक ने अपना ट्रक सड़क किनारे रोक दिया। बताया जाता है कि वह हाथ में लोहे की रॉड लेकर दूसरे चालक की ओर बढ़ा। आशंका है कि वह हमला करने के इरादे से आगे बढ़ा था। लेकिन इससे पहले कि बात हाथापाई तक पहुंचती, दूसरे ट्रक चालक ने अपना वाहन नहीं रोका। उसने ट्रक आगे बढ़ाया और सामने आए चालक को कुचलते हुए निकल गया। पूरा घटनाक्रम इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले चालक सड़क पर लहूलुहान पड़ा था। इस दर्दनाक घटना में मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के निवासी 35 वर्षीय विजय प्रताप यादव उर्फ पंकज यादव, पिता रामायण यादव, के रूप में की गई है। बताया गया कि उसके सिर पर गंभीर जख्म के निशान थे, जबकि कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था। चोटें इतनी भयावह थीं कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों के बीच दहशत फैल गई। सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना रहा। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। लेकिन मृतक के साथ चल रहे पहले ट्रक के खलासी ने हिम्मत दिखाई और आरोपी को पकड़ने की ठान ली। बताया जाता है कि उसने एक बाइक सवार की मदद ली और भाग रहे ट्रक का पीछा शुरू किया। इस दौरान पुलिस को भी लगातार सूचना दी जाती रही। आरोपी चालक पुराना भोजपुर से डुमरांव की ओर, डुमरांव-बिक्रमगंज पथ पर भाग रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और रास्ते में नाकेबंदी जैसी सतर्कता बरती गई। पीछा कर रहे लोगों से मिली सटीक सूचना के आधार पर डुमरांव थाना पुलिस ने आरोपी चालक को उसके ट्रक सहित डुमरांव थाना के समीप पकड़ लिया। बाद में उसे नया भोजपुर थाना के हवाले कर दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली, क्योंकि मामला सड़क हादसे से कहीं अधिक आपराधिक रूप ले चुका था। इधर, नया भोजपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाए और वहीं से एक लोहे की रॉड भी बरामद की। माना जा रहा है कि इसी रॉड को लेकर विवाद के दौरान एक चालक दूसरे की ओर बढ़ा था। घटना की सूचना मिलते ही नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों चालकों के बीच ओवरटेक को लेकर तनाव बढ़ा और उसी से पूरी वारदात ने हिंसक रूप ले लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि विवाद कितनी देर से चल रहा था, क्या दोनों चालक पहले से एक-दूसरे को जानते थे, और क्या घटना पूरी तरह आवेश में हुई या इसमें जानबूझकर हत्या का इरादा शामिल था। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में ओवरटेक को लेकर विवाद की बात सामने आई है। आरोपी चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक के परिजनों के आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की हर बिंदु पर जांच कर रही है। पुराना भोजपुर की यह घटना सिर्फ एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि रात में भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार, आगे निकलने की अंधी प्रतिस्पर्धा और सड़क पर बढ़ती असहिष्णुता का खतरनाक चेहरा भी उजागर करती है। कुछ सेकंड का गुस्सा, कुछ मीटर आगे निकलने की जिद, और एक परिवार का सहारा हमेशा के लिए छिन गया। सड़क पर शुरू हुआ विवाद, मौत पर जाकर थम गया।

## एक नजर

### चौसा में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई कांशीराम साहब की जयंती



**चौसा।** चौसा नगर पंचायत क्षेत्र स्थित चौसा ताप विद्युत मजदूर संघ के कार्यालय परिसर में रविवार को बहुजन समाज के महानायक और प्रख्यात समाज सुधारक कांशीराम साहब की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने जुटकर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया। कार्यक्रम की शुरूआत कांशीराम साहब के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा उनके बताए मार्ग को स्मरण करते हुए की गई। इसके बाद आयोजित सभा में उपस्थित वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष, सामाजिक योगदान और बहुजन समाज के उत्थान के लिए किए गए प्रयासों को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए चौसा ताप विद्युत मजदूर संघ के महामंत्री सह पूर्व जिला पार्षद अधिवक्ता डॉ. मनोज कुमार यादव ने कहा कि कांशीराम साहब दूरदर्शी नेता, कुशल संगठनकर्ता और बहुजन समाज के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीब, शोषित, वंचित और उपेक्षित वर्गों को अधिकार, सम्मान और न्याय दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि कांशीराम साहब ने पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी महासंघ तथा दलित शोषित समाज संघर्ष समिति जैसे संगठनों की स्थापना कर बहुजन समाज को संगठित करने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का ऐतिहासिक कार्य किया। डॉ. यादव ने कहा कि कांशीराम साहब का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर आंदोलन का प्रतीक रहा है। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने वाले हैं। उन्होंने शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने का संदेश दिया तथा समानता, भाईचारा और न्यायपूर्ण व्यवस्था स्थापित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बुद्धिजीवी विकास मंच के संयोजक प्रो. रमेश चंद्र श्रीवास्तव, रामाशीष कुशवाहा, बहुजन समाज पार्टी के चौसा प्रखंड अध्यक्ष विजय राम, अधिवक्ता राम लखन पाल, डॉ. सुनील कुमार सिंह, अजीत कुमार, भुवर राइन, दिलबहार चौधरी, गंगापुत्र भरत पांडे, मुन्ना चौधरी, मुन्ना खरवार, विनोद कुमार सिंह, प्रमोद कुमार और समीम साईं सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने कांशीराम साहब के बताए मार्ग पर चलने तथा सामाजिक एकता और न्याय के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### प्रखंड कार्यालय गेट के सामने मुख्य सड़क पर चार दिनों से खड़ी है ट्रक, लगता है जाम

**डुमरांव।** प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के सामने एचएच-120 पर चार दिनों से ट्रक खड़ा है, जिससे प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। प्रशासन के वाहन प्रतिदिन इस रोड से गुजरते हैं, बावजूद इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। जाम लगने की वजह से आसापास के लोगों को परेशानी हो रही है। मालूम हो कि प्रखंड कार्यालय परिसर में ही बुनियाद केन्द्र, रजिस्ट्री कार्यालय, जीविका दीदी कार्यालय, पीएचईडी कार्यालय मौजूद है। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है की गेट के सामने ट्रक खड़ा हो जाने के कारण लोगों को सड़क पार कर गेट से प्रवेश करने में कितनी परेशानी हो रही होगी। विदित हो कि प्रखंड कार्यालय गेट के बाहर एनएच रोड पर खड़े ट्रक में खराबी आ जाने के कारण चार दिनों से वहीं पड़ा हुआ है। उक्त ट्रक को वहां से हटाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है, जिससे हर रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। मालूम हो कि प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट से ही बाहर से आने वाले लोग प्रवेश करते हैं। वाहनों के आने-जाने के सिलसिल सुबह से ही लगा रहता है, ऐसे में लोगों को सड़क पार करने में दुर्घटना का भय बना रहता है।

# न्यू बिहार पब्लिक स्कूल में 17 मार्च को आयोजित होगा वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी व फन फेयर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के न्यू बिहार पब्लिक स्कूल परिसर में आगामी 17 मार्च को वार्षिक दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं फन फेयर का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय प्रशासन की ओर से इस संबंध में आमंत्रण पत्र जारी कर अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से विद्यालय परिसर में शुरू होगा। विद्यालय के निदेशक नागेन्द्रनाथ दूबे ने बताया कि यह आयोजन विद्यालय के विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत और रचनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर छात्र-छात्राएं विज्ञान से जुड़े विभिन्न मॉडल, शैक्षणिक गतिविधियां और मनोरंजक प्रस्तुतियां पेश करेंगे। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की वैज्ञानिक सोच, अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अभिभावकों को भी अपने बच्चों की प्रतिभा को नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज परिवार के विजय मान सिंह के शामिल होने की जानकारी दी गई है। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में डुमरांव एसडीएम राकेश कुमार तथा नगर परिषद के कार्यकारी सभापति विकास ठाकुर शामिल होंगे। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई है कि अतिथियों की मौजूदगी बच्चों का उत्साहवर्धन करेगी। विद्यालय के निदेशक की ओर से जारी संदेश में कहा गया है कि अभिभावकों की उपस्थिति बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और यह दिन सभी के लिए यादगार साबित होगा। आमंत्रण पत्र में अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बच्चों का मनोबल बढ़ाने की अपील की गई है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि वार्षिक दिवस समारोह को आकर्षक और उपयोगी बनाने के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। विज्ञान प्रदर्शनी के साथ फन फेयर का भी आयोजन होगा, जिससे कार्यक्रम शैक्षणिक होने के साथ-साथ मनोरंजक भी बनेगा। आयोजन को लेकर छात्र-छात्राओं में अभी से उत्साह देखा जा रहा है।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता पर उठे सवाल सीमित भागीदारी के बीच बांटे गए पुरस्कार

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय स्थित किला मैदान में माय भारत बक्सर के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न तो हो गई, लेकिन इसके आयोजन की प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि प्रतियोगिता का आयोजन व्यापक भागीदारी के बजाय औपचारिकता निभाने तक सीमित रहा और कम उपस्थिति के बावजूद जल्दबाजी में विजेताओं की घोषणा कर पुरस्कार वितरण कर दिया गया।




जागृति संस्थान, सौंवा बांध पवनी के संजय कुमार गोंड़ ने आरोप लगाया कि माय भारत के तहत आयोजित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले भर से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की भागीदारी होनी चाहिए थी, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत रही। उनके अनुसार प्रतियोगिता में मुख्य रूप से बक्सर और नावानगर के ही गिने-चुने खिलाड़ी शामिल हुए, जबकि अन्य प्रखंडों की भागीदारी लगभग नहीं के बराबर रही।

उन्होंने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता में बक्सर और नावानगर की टीमों के बीच पूरा मुकाबला कराने के बजाय केवल ट्राइब्रेकर के आधार पर नावानगर को विजेता घोषित कर दिया गया। वहीं महिला कबड्डी प्रतियोगिता में सिर्फ नावानगर टीम के पहुंचने से उसे वॉकओवर देकर विजेता घोषित कर दिया गया। इससे प्रतियोगिता की निष्पक्षता और गंभीरता पर प्रश्न उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार राजपुर और चौसा की टीमें किसी भी प्रतियोगिता में शामिल नहीं हुईं। इसके बावजूद उपस्थित प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित कर कार्यक्रम समाप्त कर दिया गया। बताया जाता है कि मुख्य प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया, जबकि इससे पहले 14 फरवरी को महिला दौड़, बैडमिंटन और महिला लंबी कूद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। उन प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों की संख्या अपेक्षा से काफी कम बताई गई।

स्थानीय खेल प्रेमियों और संबंधित लोगों का कहना है कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभाओं को मंच देना होता है, लेकिन जब आयोजन में ही व्यापक भागीदारी सुनिश्चित न हो सके तो उसकी सार्थकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अब देखना होगा कि इस मामले में संबंधित विभाग या आयोजक पक्ष की ओर से क्या सफाई सामने आती है।

# शहर की नई कॉलोनियों में नाली-गली की समुचित व्यवस्था नहीं रोड पर बहता है पानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शहर में नई-नई कॉलोनियों का विस्तार तेजी के साथ हो रहा है, उतनी तेजी के साथ उनका विकास नहीं हो रहा है। डुमरांव के विस्तारित क्षेत्र की स्थिति तो सबसे खराब है, वहीं शहर के भीतर जितनी नई कॉलोनी बसी हैं, उनका भी वही हाल है। ऐसा ही एक शहर के बीचोबीच से निकलता जंगलबाजार रोड है, जो राजगढ़ चौक से शुरू होकर खिरिया ब्रह्म, बाबा जंगलीनाथ रोड होते हुए नयाभोजपुर में जाकर फोरलेन से मिल जाता है। इस रोड में एक दर्जन से अधिक कॉलोनियां बन गई हैं, लेकिन विकास से कोसों दूर हैं। किसी में सड़क नहीं है, जिसमें सड़क है, उसमें नाली नहीं है। जिस कॉलोनी के सड़क में नाली नहीं है, जिसस घरों से निकल पानी मोहल्ले से होते हुए जंगलबाजार रोड में फैलता जा रहा है। रोड पर पानी फैलने के कारण लोगों के आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार खिरिया ब्रह्मबाबा के पास पश्चिम दिशा में बसी कॉलोनियों का पानी मुख्य रोड जंगलबाजार में आकर गिर रहा है। लागातार पानी गिरने के कारण रास्ते में जलजमाव और कीचड़ की समस्या खड़ी हो गई है, जिससे आम जीवन प्रभावित हो गया है। कईबार तो उस कीचड़ में छोटे बच्चे गिर गए हैं, छोटे वाहन फंस गए हैं, बावजूद नप द्वारा इस समस्या के निदान के लिये कोई पहल नहीं किया गया है। मोहल्ले के शशी कुमार, राम कुमार, कन्हैया, सुरेश, रघुवर सहित अन्य का कहना है कि इसकी शिकायत नप के अधिकारियों के पास की गई है, इसके बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।







# द एमिटी स्कूल सोनवर्षा का 10वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, छात्रों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

- तेरी उंगली पकड़ के चला, ममता के आंचल में पाला गीत पर नन्हे बच्चों के नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया
- नाटक के माध्यम से छात्रों ने संस्कृत सभ्यता और प्राचीन ग्रंथों से दूर होती नई पीढ़ी को लेकर एक प्रस्तुति दी





**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा स्थित द एमिटी स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित अभिभावक और अतिथि कार्यक्रम की शुरूआत से अंत तक मंत्रमुग्ध होकर बैठे रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना से हुई, जिसके बाद स्वागत गीत और राधव जी के गउवा भजन की मधुर प्रस्तुति दी गई। वार्षिकोत्सव में छात्रों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तेरी उंगली पकड़ के चला, ममता के आंचल में पाला गीत पर नन्हे बच्चों के नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके अलावा तू कितनी अच्छी है तू कितनी प्यारी हैह्व, उड़ी रे उड़ी रे पतंग, सांसों की माला पे सिमरूं में पी का नाम, पापा कहते हैं मेरा नाम करेगा, जो केसरी के लाल, मेरा जूता है जापानी, देवा श्री गणेश, खली बली हो गया है दिल और आई लव माय इंडिया जैसे लोकप्रिय गीतों पर भी छात्रों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में पारंपरिक संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। छात्र-छात्राओं ने सोहर गीत, छठ गीत और चौता गायन पर प्रस्तुति देकर स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत कर दिया। वहीं बहन ने भाई के कलाई पर और बाबुल दे दो दुआ जैसे गीतों पर भावपूर्ण नृत्य ने दर्शकों को भावुक भी कर दिया। इसके अलावा छात्रों ने दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीति पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। साथ ही संस्कृत सभ्यता और प्राचीन ग्रंथों से दूर होती नई पीढ़ी को लेकर भी एक नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डुमरांव एसडीएम राकेश कुमार, विद्यालय के डायरेक्टर अमरेंद्र राजेश, नवोदय विद्यालय नावानगर के प्राचार्य कौशल कुमार, प्रो. मृत्युंजय सिंह, नीति आयोग के दिनेश सिंह, राजेंद्र हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अनिल सिंह, बिहिया जेएनवी के प्राचार्य पीसी राय तथा औरंगाबाद जेएनवी के प्राचार्य आरके तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

# सिविल न्यायालय भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, केंद्रों के 200 मीटर दायरे में रही सख्ती

- दो पालियों में हुई परीक्षा, धारा-163 रही लागू, कुल 16,888 में 6,188 अभ्यर्थी हुए शामिल, किसी का निष्कासन नहीं



**केटी न्यूज/बक्सर**

व्यवहार न्यायालय में परिचर एवं आदेशपाल के पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित प्रारंभिक परीक्षा रविवार को बक्सर जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने पहले से ही व्यापक तैयारी कर रखी थी। परीक्षा के दौरान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू रही, जिसके कारण केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़, शोर-शराबा और अव्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण बना रहा। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और किसी भी परीक्षार्थी के निष्कासन की सूचना नहीं है।

यह परीक्षा सिविल न्यायालयों में परिचर एवं चपरासी (सामान्य तथा आदेशपाल) के पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 04/2022 के अंतर्गत आयोजित की गई। परीक्षा को स्वच्छ, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी साहिला और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के संयुक्त आदेश के आलोक में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही महिला अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती सुनिश्चित की गई।

अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर अविनाश कुमार ने पूर्व में ही स्पष्ट कर दिया था कि परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जाएगी। इसी क्रम में केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई थी। आदेश के अनुसार इस परिधि में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एक साथ एकत्र होने पर रोक रही। यह प्रतिबंध अभिभावकों और मीडिया कर्मियों पर भी लागू था, जबकि ड्यूटी पर तैनात दंडाधिकारी, पुलिसकर्मी तथा संबंधित कर्मचारी इससे मुक्त रखे गए थे।

प्रशासन ने प्रतिबंधित क्षेत्र में घातक हथियार या आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर भी रोक लगाई थी। साथ ही किसी भी प्रकार के जुलूस, प्रदर्शन और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया था, ताकि परीक्षा संचालन में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो। केंद्रों के आसपास धूम्रपान पर भी रोक रही। हालांकि धार्मिक कार्यक्रम, शवयात्रा और शादी-विवाह जैसे पारंपरिक आयोजनों को सामान्य छूट दी गई थी। बक्सर नगर, औद्योगिक तथा मुफस्सिल थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया था कि वे स्वयं पुलिस बल के साथ मौजूद रहकर परीक्षा संचालन में प्रशासन का सहयोग करें।

रविवार को आयोजित परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। पहली पाली में कुल 8,444 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 3,118 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 5,326 अनुपस्थित रहे। इस पाली में किसी भी परीक्षार्थी के निष्कासन की सूचना नहीं मिली। इसी प्रकार दूसरी पाली में भी कुल 8,444 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई, जिनमें 3,070 उपस्थित हुए और 5,374 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी निष्कासित परीक्षार्थियों की संख्या शून्य रही।

दोनों पालियों के आंकड़ों को मिलाकर देखा जाए तो कुल 16,888 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। इनमें से 6,188 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 10,700 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासनिक दृष्टि से यह राहत की बात रही कि पूरे जिले में कहीं से भी कदाचार, हंगामा, अव्यवस्था या परीक्षा बाधित होने जैसी कोई सूचना नहीं मिली। निष्कासन की संख्या शून्य रहने से यह भी संकेत मिला कि परीक्षा व्यवस्था अनुशासित और प्रभावी रही। परीक्षा केंद्रों के बाहर भी प्रशासन की सक्रियता देखने को मिली। अभ्यर्थियों की जांच, प्रवेश व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक टीम मुस्तैद रही। केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ नहीं जुटने दी गई, जिससे परीक्षार्थियों को समय पर प्रवेश और परीक्षा देने में सुविधा हुई। प्रशासन की इस सख्ती का सकारात्मक असर पूरे आयोजन पर दिखाई पड़ा।

जिला प्रशासन ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष जताया है। अधिकारियों ने कहा कि परीक्षार्थियों, केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और सभी संबंधित कर्मियों के समन्वित प्रयास से यह परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकी। प्रशासन ने आम नागरिकों और अभिभावकों के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया है।

इस प्रकार व्यवहार न्यायालय में परिचर एवं आदेशपाल भर्ती के लिए आयोजित प्रारंभिक परीक्षा बक्सर जिले में कड़े सुरक्षा प्रबंध, सख्त प्रशासनिक निगरानी और शांतिपूर्ण माहौल के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हो गई।

## एक नजर

### बक्सर में शराब के नशे में पुलिस से उलझा महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह का भतीजा सुधीर सिंह

**बक्सर।** बक्सर के गंगा ब्रिज पुल पर बिहार के महाराजगंज संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजा व छपरा निवासी सुधीर सिंह को उत्पाद विभाग की पुलिस ने नशे की हालत में गिरफ्तार किया है। घटना शनिवार की रात 10.30 बजे की है। जिस वक्त उत्पाद टीम ने उसे गंगा ब्रिज पुल पर रोका तो वह अपना राजनैतिक धौंस दिखाते हुए उत्पाद टीम से उलझ गया। इस दौरान देर तक वह खाकी वालों पर रौब झाड़ते रहा, लेकिन उत्पाद टीम ने तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचना दी तथा वरीय अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे पकड़ मेडिकल जांच कराया, जहां शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। बक्सर सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सुधीर सिंह को शराब के नशे में पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि बक्सर पुलिस शराबबंदी कानून का पालन कराने के लिए पूरी तरह से मुश्तै है तथा आम से लेकर खास तक किसी को भी कानून तोड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। बता दें कि सुधीर सिंह छपरा में काफी चर्चित चेहरा है। बक्सर में शराब के नशे में पकड़े जाने की पूरे दिन चर्चा होते रही। वहीं, लोगों का कहना है कि यदि पुलिस इसी तरह से सख्ती बरते तो राजनैतिक रसूख वालों के लिए कानून तोड़ना आसान नहीं होगा।

### भोजन बैंक ने 49वें सप्ताह, जरूरतमंदों को कराया नि:शुल्क भोजन, 17 मार्च को होगा विशाल भंडारा



**बक्सर।** भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान के तहत संचालित भोजन बैंक बक्सर की ओर से रविवार को 49वें सप्ताह के सेवा कार्यक्रम के तहत गरीबों और जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क प्रसाद रूपी भोजन वितरित किया गया। 15 मार्च को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंदों ने भोजन ग्रहण किया। आयोजन को लेकर सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन राजू कुशवाहा, शिक्षक अर्जुन सिंह और संतोष राय ने किया। मौके पर उपस्थित राहुल वर्मा, प्रभात शर्मा और शिक्षक बालाजी ने संस्थान की इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि जिस समर्पण के साथ भोजन बैंक जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचा रहा है, वह वास्तव में काबिले-तारीफ है। वक्ताओं ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और भूखे को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है। उन्होंने आमजन से ऐसे मानवीय कार्यक्रमों में तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की। संस्थान की ओर से दीनानाथ वर्मा और ललन राम ने बताया कि महावीर पूजा के अवसर पर 17 मार्च को वार्ड संख्या 20, गजाधर गंज मोड़, स्टेशन रोड, बक्सर में दोपहर 3 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया। इस आयोजन में खाद्य सामग्री देकर रौशन वर्मा ने भी सहयोग किया, जिसके लिए संस्थान की टीम ने उनके प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में मनोज वर्मा, मदन मोहन वर्मा, अनिल वर्मा, चंदन वर्मा, मनोज गुप्ता, शिवम राय, शिक्षक राम कुंडल प्रसाद, आनंद जी समेत कई गणमान्य, अभिभावक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। अंत में अधिवक्ता राजेश कुमार यादव, प्रभात शर्मा और अधिवक्ता अकरम ने भोजन बैंक को निरंतर सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं, भुआली वर्मा और हाफी इमरान शामशी के सहयोग से पूर्व की भांति इस बार भी गौग्रास के माध्यम से गौ सेवा की गई। संस्थान के सचिव राजीव कुमार और भोजन बैंक मार्गदर्शन टीम के गुप्तेश्वर पटेल ने बताया कि आगामी 22 मार्च को सुबह 9 बजे बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में फिर से भोजन सेवा कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जरूरतमंदों को भोजन कराकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।

# पलिया में शराब माफियाओं पर पुलिस का शिकंजा, घर से 69 लीटर देशी शराब बरामद

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के पलिया गांव में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 69 लीटर देशी मसालेदार शराब बरामद की है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिससे इलाके में अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पलिया गांव में एक व्यक्ति लंबे समय से चोरी-छिपे शराब की खेप मंगाकर उसकी बिक्री कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष निवास कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम में पुलिस पदाधिकारी प्रवीण कुमार सहित अन्य जवान शामिल थे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विनोद राम के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने घर की गहन तलाशी ली, जिसमें 69 लीटर देशी मसालेदार शराब बरामद हुई। बरामद शराब को जब्त कर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की गई। हालांकि पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने साफ कहा कि थाना क्षेत्र में शराब तस्करी और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध शराब कारोबार पर सख्ती के रूप में देखा जा रहा है।

# चौसा में शिक्षा प्रोत्साहन की मिसाल, आंगनबाड़ी बच्चों को मिली पाठ्य सामग्री

- पान एसोसिएशन के सामाजिक पहल कार्यक्रम में कॉपी, किताब और पेंसिल का वितरण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी जीता मन




**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा नगर पंचायत के बारे मोड़ पर शिक्षा और सामाजिक सरोकार से जुड़ा एक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। पान एसोसिएशन की बिहार इकाई के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नौनिहालों को प्रारंभिक शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा समाज में पढ़ाई-लिखाई के महत्व को रेखांकित करना रहा।

कार्यक्रम का नेतृत्व पान एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवजी तांतवा ने किया। इस दौरान वार्ड संख्या 3 और वार्ड संख्या 5 के आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े बच्चों को कॉपी, किताब, पेंसिल समेत अन्य जरूरी पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। आयोजन स्थल पर मौजूद अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में किरण देवी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न संगठनों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर बच्चों का मनोबल बढ़ाना चाहिए। ऐसे प्रयास न केवल जरूरतमंद बच्चों को मदद पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देते हैं।

इस अवसर पर पान एसोसिएशन बिहार प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण उर्फ शंकर कुमार, बिहार प्रवक्ता नरेश दास, मुजफ्फरपुर जिला अध्यक्ष सुरेश दास तथा जिला कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश दास समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इनके अलावा पूर्व जिला पार्षद डॉ. मनोज कुमार यादव, पूर्व मुखिया बृज बिहारी सिंह, शिवजी प्रसाद, देव कुमार, मुन्ना प्रसाद, रामप्रवेश तांतवा, शंकर तांतवा, संतोष कुमार, संजय तांतवा, नेवल वेटरन्स सुरेंद्र प्रसाद केशरी, सरस्वती ज्ञान विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राम सेवक कुशवाहा, रामजी सिंह और जितेंद्र सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिसने आयोजन को और आकर्षक बना दिया। उपस्थित लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की। अंत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवजी तांतवा ने अतिथियों, स्थानीय नागरिकों और सहयोगियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पान एसोसिएशन आगे भी शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और पारस्परिक सहयोग से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देता रहेगा। आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से भी लोगों की अच्छी भागीदारी देखी गई।

# बक्सर में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन पुतला दहन कर केंद्र सरकार पर बोला हमला

- जिला कांग्रेस कार्यालय में आपात बैठक कर जनआंदोलन तेज करने का ऐलान, रसोई गैस व जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को बताया बड़ा मुद्दा




**केटी न्यूज/बक्सर**

बढ़ती महंगाई, रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों और आवश्यक वस्तुओं के दामों में हो रही वृद्धि के विरोध में रविवार को बक्सर में कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस के ओबीसी विभाग और जिला इकाई से जुड़े नेताओं व कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बक्सर जिला ओबीसी विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष विनोद कुमार मौर्य ने की।

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के सामने मुख्य सड़क पर केंद्र सरकार के खिलाफ पुतला दहन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और महंगाई के मुद्दे पर नारेबाजी करते हुए सरकार को घेरा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दामों में लगातार वृद्धि से आम लोगों का जीवन संकट में पड़ गया है। उनका आरोप था कि बढ़ती कीमतों ने गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि देश इस समय गंभीर आर्थिक दबाव से गुजर रहा है और महंगाई ने आम परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है। उनके मुताबिक, केंद्र सरकार जनता की मूल समस्याओं से ध्यान हटाकर केवल सत्ता की राजनीति में लगी है, जबकि गलत नीतियों का सीधा असर आम आदमी और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। डॉ. पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से गरीबों, किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी आने वाले दिनों में महंगाई, बेरोजगारी और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर व्यापक अभियान चलाएगी। इसके तहत गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने की रणनीति बनाई जा रही है। प्रदर्शन के बाद जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकताओं की एक आपात बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में बढ़ती महंगाई, रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि और आम लोगों की परेशानियों पर विस्तार से चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी इन मुद्दों को पूरी मजबूती से उठाएगी और सड़क से लेकर संसद तक विरोध दर्ज कराएगी। साथ ही लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखने तथा जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को संगठित करने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, संजय कुमार दुबे, त्रियोगी नारायण मिश्रा, अजय यादव, मोहम्मद अयास, विमल चौबे, मुन्ना तुरहा, बबन तुरहा, राकेश यादव और पिंटू दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महादेवा घाट के पास बदहाल सड़क बनी हादसे की वजह, बाइक सवार युवक घायल



**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा-बक्सर मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवा घाट के समीप रविवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका साथी बाल-बाल बच गया। हादसा नए पंप हाउस के पास उस स्थान पर हुआ, जहां सड़क की खराब स्थिति के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालनगर चकियां निवासी श्याम नारायण का 21 वर्षीय पुत्र सनी कुमार अपने साथी नई बाजार निवासी रुपेश कुमार के साथ बाइक से चौसा से बक्सर की ओर जा रहा था। इसी दौरान महादेवा घाट के पास सड़क पर बने गड्ढे और उबड़-खाबड़ हिस्से में बाइक का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में सनी कुमार को गंभीर चोटें आईं, जबकि रुपेश कुमार को मामूली चोट लगी और वह सुरक्षित बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल मुफस्सिल थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तेजी से घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। समय पर पुलिस की पहल से घायल को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सकी। अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि फिलहाल घायल की स्थिति खतरे से बाहर है और उसका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चौसा-बक्सर मार्ग पर कई स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से खराब सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# एसडीएम ने उमेश स्वीट्स में किया औचक एलपीजी सिलेंडर जांच, दिखे संतुष्ट

■ बोलें..एलपीजी के जगह बॉयलर फर्नेस सिस्टम का करें उपयोग

**केटी न्यूज/रोहतास**

एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने तेंदुनी चौक समीप स्थित उमेश स्वीट्स कन्फेक्शनरी का एलपीजी सिलेंडरों के उपयोग के संदर्भ में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रतिष्ठान द्वारा खाना बनाने के लिए बॉयलर फर्नेस सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। इस प्रणाली में लकड़ी,प्रोसेस्ड धान का पुआल आदि को फर्नेस चेंबर में जलाकर भाप एवं फ्लेम उत्पन्न किया जाता है । जिसके माध्यम से भोजन तैयार किया जाता है । प्रतिष्ठान संचालक द्वारा बताया गया कि वे विगत लगभग 5 वर्षो से इस प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं । इस पूरे सिस्टम को स्थापित करने में लगभग 16 लाख रुपये की लागत आई है । यह आवश्यक नहीं है कि इसे बड़े स्तर पर ही स्थापित किया जाए । रेस्टोरेंट संचालक अपने बजट एवं ग्राहकों की संख्या कस्टमर ट्रैफिक के अनुसार छोटे स्तर पर भी इस प्रकार की व्यवस्था विकसित कर सकते हैं। यह व्यवस्था सुरक्षित, प्रभावी एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रतीत हुई तथा एलपीजी पर निर्भरता कम करने का एक अच्छा उदाहरण है। साथ ही अन्य होटल,रेस्टोरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील की जाती है कि वे भी अपने प्रतिष्ठानों में बॉयलर फर्नेस सिस्टम जैसे वैकल्पिक एवं अन्य सुरक्षित तकनीकों के उपयोग पर विचार करें ।सभी प्रतिष्ठानों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे एलपीजी सिलेंडरों के भंडारण एवं उपयोग से संबंधित सभी सुरक्षा मानकों और सरकारी नियमों






# 24 घंटे में काम पर लौटने वाले अधिकारियों पर नहीं होगी कार्रवाई: विजय कुमार सिन्हा

**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने वाले अंचल और राजस्व अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। मार्च में राजस्व महा अभियान और ई-मापी अभियान के तहत 46 लाख आवेदनों का निपटारा. बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने वाले अंचलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि मार्च महीने में राजस्व महा अभियान, ई-मापी अभियान और मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम चल रहे हैं, इसलिए प्रशासनिक कार्यों को सुचारु रूप से जारी रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जो इस निर्धारित समय सीमा में काम पर लौट आयेंगे उनकी दोनों हड़ताल अवधि का समायोजन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च का महीना राजस्व विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और कई जनहितकारी अभियान इस समय चल रहे हैं। इस अवधि में मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा, राजस्व महा अभियान के तहत प्राप्त लगभग 46 लाख आवेदनों का निष्पादन तथा मुख्यमंत्री के निर्देश पर ई-मापी अभियान भी चल रहा है। उपरोक्त दोनों कार्य सीधे जनता से जुड़े हैं और 31 मार्च तक पूरा करना लक्ष्य है। ऐसे में प्रशासनिक कार्यों की गति प्रभावित न हो, इसके लिए सरकार ने संवाद और समन्वय का रास्ता चुना है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अंचल कार्यालयों से जुड़े कार्य सीधे आम लोगों की जमीन, प्रमाण-पत्र और राजस्व सेवाओं से जुड़े होते हैं। इसलिए साल के आखिरी मार्च माह में इन सेवाओं पर आंशिक प्रभाव भी उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हड़ताल की दोनों अवधि का समायोजन किया जाएगा। भूमि सुधार उप समाहताओं से जुड़ा मुद्दा सामान्य प्रशासन विभाग से जुड़ा मुद्दा है। अगर काम पर लौटेंगे तो उसपर उदारता पूर्वक विचार किया जाएगा। दबाव की राजनीति करने से किसी भी समस्या का समाधान संभव नहीं है। जनता का काम करके परिणाम देकर हक का कोई भी काम कराया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का सर्वोच्च लक्ष्य हमेशा जनहित और सुशासन रहा है। सरकार जायज समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील है, लेकिन प्रशासनिक अनुशासन और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।



## मार्च का महीना अत्यंत महत्वपूर्ण

इस दौरान कई जनहितकारी अभियान चल रहे हैं। इनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा, राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त लगभग 46 लाख आवेदनों का निष्पादन और मुख्यमंत्री के निर्देश पर चल रहा ई-मापी अभियान शामिल है।उन्होंने कहा कि ये दोनों कार्य सीधे तौर पर जनता से जुड़े हुए हैं और इन्हें 31 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में प्रशासनिक कार्यों की गति प्रभावित न हो, इसके लिए सरकार ने संवाद और समन्वय का रास्ता चुना है। रविवार को बिहार राजस्व सेवा संघ के दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा की अनौपचारिक बातचीत हुई। संभावना है कि सोमवार को इस मुद्दे पर निर्णायक वार्ता हो सकती है। बातचीत के कारण राजस्व सेवा अधिकारियों के महाजुटान में आंदोलन की नई रूपरेखा तय नहीं की गई। संघ के नेताओं ने कहा कि उनकी मांगें मान ली जाती हैं तो हड़ताल तुरंत समाप्त कर दी जाएगी। इससे पहले अधिवेशन भवन में आयोजित महाजुटान में बड़ी संख्या में राजस्व सेवा के अधिकारी शामिल हुए।

## बंदोबस्त कार्यालयों में बनेगा एआई सेल

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के उपयोग से राज्य में भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यों को अधिक पारदर्शी, तेज और विश्वसनीय बनाया जाएगा। इसके लिए बंदोबस्त कार्यालयों में विशेष एआई सेल का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि सभी कार्य समय सीमा के भीतर पूरे किए जा सकें। भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय की ओर से इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। इसके तहत जिलों के बंदोबस्त कार्यालयों में एआई सेल गठित किया जाएगा, जो विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यक्रम में एआई के संभावित उपयोग पर काम करेगा। इस सेल की अध्यक्षता बंदोबस्त पदाधिकारी करेंगे। इसमें आईटी प्रबंधक, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (आईटी/इंजीनियरिंग), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो और विशेष सर्वेक्षण अमीन सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे।

## विद्यालय का शैक्षणिक परिभ्रमण दल बोधगया के लिए रवाना

**केटी न्यूज/आरा**

मुख्यमंत्री बिहार दर्शन कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय हसनबाजार व कन्या मध्य विद्यालय पीरो के छात्र-छात्राओं का दल मंगलवार को बोधगया के लिए रवाना हुआ। हसनबाजार में समाजसेवी कन्हैया सिंह व प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह ने परिभ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस शैक्षणिक परिभ्रमण दल में शामिल छात्र-छात्रा बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर, जपानी मंदिर, थाईलैंड का मंदिर, गया स्थित विष्णुपद मंदिर, पावापुरी स्थित जरासंध का अखाडा, राजगीर स्थित गर्म कुंड, शांति स्तूप,घोडा कटोरा झील,ग्लास ब्रीज, रज्जू मार्ग, विरायतन सहित अन्य धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व के धरोहरों से रुबरू होंगे। मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि वास्तव में शैक्षणिक परिभ्रमण बच्चों को बिहार के गौरवशाली अतीत से परिचित कराने का बेहतर अवसर है। इस परिभ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और शिक्षा परंपरा से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि यह शैक्षणिक परिभ्रमण बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक है। यह उन्हें शैक्षिक स्थल को प्रत्यक्ष रूप से देखने व बिहार के गौरवशाली अतीत से परिचित होने का बेहतर अवसर प्रदान करता है। शैक्षणिक परिभ्रमण दल के साथ विद्यालय के कई शिक्षक भी रवाना हुए। पीरो में शैक्षणिक परिभ्रमण दल के रवाना होने के समय कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय कुमार सिंह सुनील कुमार, राशिद जकारिया, खुशबु कुमारी, बेबी कुमारी आदि मौजूद थी।

## मौन के साथ समाजवादी कार्यकर्ता को दी गई श्रद्धांजलि

**कोचस ।** नगर पंचायत के महात्मा गांधी चौक स्मृति प्रांगण मे रविवार को समाजवादी नेता स्वर्गीय सिपाही राय की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में वर्तमान लोकसभा सांसद मनोज कुमार राम की उपस्थिति में लोगों ने स्वर्गीय सिपाही राय को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरारी ठाकुर व संचालन युवा नेता राजू उर्फ राजेश कुमार यादव ने की।श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सांसद मनोज कुमार राम ने कहा कि स्वर्गीय सिपाही राय जी एक संघर्षशील और जनहित के लिए समर्पित व्यक्तित्व थे। उनका निधन पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

# प्रशासन : साइबर क्राइम जागरूकता क्रिकेट मैच में पत्रकार टीम बनी विजेता

■ मैन ऑफ द मैच बनें अमित कुमार, पत्रकार टीम में जश्न

**केटी न्यूज/रोहतास**

रविवार को साइबर क्राइम जागरूकता के उद्देश्य से राम रूप स्टेडियम गोडारी में आयोजित क्रिकेट महामुकाबले में पत्रकार टीम ने पुलिस टीम को 2 विकेट से हरा बनी विजेता। काराकाट थाना क्षेत्र के नगर पंचायत,गोडारी उपमुख्य पार्षद रविश रंजन के सौजन्य से आयोजित इस मैच ने दर्शकों को अंतिम गेंद तक बांधे रखा। पुलिस टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 14 ओवरों में 152 रन बनाए। सीडीपीओ अनुमंडल बिक्रमगंज के रीडर शाहरुख ने धुंआधार शतकीय पारी खेली, जिसमें करीब पांच छक्के शामिल थे। उनके योगदान से पुलिस ने पत्रकारों को 153 रनों का लक्ष्य दिया। पत्रकारों की ओर से राहुल मिश्रा-प्रभात खबर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट हासिल किए, जबकि अभिषेक कुमार सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई।लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार टीम को पहले ही ओवर में शून्य पर पहला विकेट गंवाना पड़ा। मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों ने शानदार साझेदारी कर 100 रन जोड़े, लेकिन उसके बाद लगातार विकेट गिरते रहे। पुलिस के गेंदबाज निशांत कुमार ने बेहतरीन गेंदबाजी से 3 विकेट लिए और अपनी टीम के सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए। जहां 7 विकेट गिरने के बाद दैनिक भास्कर डिजिटल काराकाट के पत्रकार अमित कुमार मैदान पर उतरे। उन्होंने चार ओवर में नाबाद 42 रन ठोके और शेष 3 गेंद रहते ही मैच पलट दिया, जिससे पत्रकार टीम ने 2 विकेट से जीत दर्ज की। मैच समाप्ति पर विजेता पत्रकार टीम को ट्रॉफी प्रदान करने आगंतुक का पहुंचे,जबकि उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने टीम को सम्मानित किया। मैच के मैन ऑफ द मैच अमित कुमार को मुख्य पार्षद रविश रंजन ने ट्रॉफी से सम्मानित किया। जबकि उपविजेता पुलिस टीम के कप्तान, काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार को उप विजेता ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। इस मैच में निष्पक्ष अंपायरिंग की अहम भूमिका से राष्ट्रीय खबर अखबार के ब्यूरो चीफ पत्रकार रवि प्रकाश ने लोगों का दिल जीत लिया। दोनों टीमों ने बताया कि यह मैच न केवल मनोरंजन का साधन बना,बल्कि साइबर क्राइम जागरूकता के प्रति लोगों के बीच महत्वपूर्ण संदेश था।



## एक नजर

### अफवाह के कारण गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़

**रजौली।** क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस को लेकर फैली अफवाह के कारण गैस एजेंसी के बाहर बेवजह भीड़ लगने लगी है। बड़ी संख्या में लोग बिना जरूरत एजेंसी पहुंच रहे हैं और गैस सिलेंडर को लेकर जानकारी लेने के लिए लाइन लगा रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए गैस एजेंसी प्रबंधन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। गैस एजेंसी की डायरेक्टर निशा कुमारी ने बताया कि एजेंसी में गैस की कोई कमी नहीं है। जिन उपभोक्ताओं का बुकिंग नंबर आ रहा है, उन्हें नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई लोग बिना बुकिंग कराए ही एजेंसी पहुंच जा रहे हैं और गैस लेने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके कारण बेवजह भीड़ लग रही है। निशा कुमारी ने बताया कि सरकार द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गैस बुकिंग की व्यवस्था की गई है। उपभोक्ता निर्धारित नंबर पर कॉल या अन्य माध्यम से गैस की बुकिंग करा सकते हैं। बुकिंग होने के बाद जब उनका नंबर आता है, तभी उन्हें गैस सिलेंडर दिया जाता है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाना है। वहीं,कुछ ग्रामीणों का कहना है कि पहले गैस लेने के लिए किसी प्रकार का नंबर या बुकिंग की जरूरत नहीं पड़ती थी। लोग सीधे एजेंसी जाकर सिलेंडर ले आते थे,लेकिन अब एजेंसी पर पहुंचने के बाद बुकिंग नंबर मांगा जाता है। कई लोगों के पास बुकिंग नंबर नहीं होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। गैस एजेंसी प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और पहले बुकिंग कराकर ही गैस लेने के लिए एजेंसी आएं। इससे अनावश्यक भीड़ भी नहीं लगेगी और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सकेगा।

### पशु बांझपन निवारण शिविर में 200 मवेशियों का हुआ उपचार

**पीरो।** प्रखंड अंतर्गत तिलाठ पंचायत में आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय, 2 कार्यक्रम के अंतर्गत पशु बांझपन निवारण सह जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यहां आयोजित शिविर का उद्घाटन ग्राम कचहरी तिलाठ के सरपंच शशिभूषण राय, जन प्रतिनिधि उमा शंकर राय, पशु चिकित्सक डा. पल्लवी सिन्हा, डा रजनीश कुमार एवं डा. सावन कुमार ने संयुक्त रूप से किया।शिविर में काफी संख्या में पशुपालक अपने मवेशियों के इलाज व चिकित्सकीय परामर्श के लिए पहुंचे थे। इस दौरान लगभग 200 पशुओं का निशुल्क इलाज किया गया एवं आवश्यकतानुसार दवा वितरण उपलब्ध कराया गया। पशु चिकित्सकों ने किसानों को पशुओं में नियमित रूप से हर चार माह पर कीड़ा का दवा, संतुलित आहार, सही समय पर कृत्रिम गभार्धान जैसे कार्य हेतु जागरूक किया। साथ ही उन्हें सेक्स सॉर्टेड सीमेन के बारे में भी जानकारी दी गई जिससे की बच्चा मादा पैदा हो। डा. पल्लवी ने बताया कि पशुओं का बीमा करवाने में पशुपालन विभाग की ओर से 85 प्रतिशत की सब्सिडी प्रीमियम भरने में दी जाएगी। शिविर के दौरान पशुओं में भूख में कमी, दूध देने की क्षमता बढ़ाने तथा अन्य बीमारियों के निवारण संबंधी जानकारी व दवा वितरण किया गया।

### यूपीएससी में सफलता के बाद पनवारी गांव में अमन का हुआ भव्य स्वागत

**पीरो।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 603वां रैंक हासिल कर सफलता अर्जित करने वाले पनवारी गांव निवासी अमन कुमार का अपने घर पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अमन कुमार पनवारी गांव निवासी बाइक मिस्त्री मनोज शर्मा व इंदू देवी के पुत्र हैं। अत्यंत साधारण परिवार से आने वाले अमन ने सीमित साधनों के बीच अपनी मेहनत व प्रतिभा की बदौलत देश की सबसे प्रतिष्ठित मानी जाने वाली परीक्षा में सफलता हासिल की गई। इससे उनकी सफलता काफी मायने रखती है । अमन अभी तारापुर में अवर निबंधन पदाधिकारी पद पर कार्यरत हैं। रविवार को अपने पैतृक गांव पनवारी पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें फूल माला से लाद दिया। अपने लाडले की सफलता में माता-पिता व स्वजनों के साथ पूरा गांव गौरवान्वित महसूस कर रहा था। पिता मनोज शर्मा की सीना फक्र से चौडा हो गया। मां इंदू देवी अपने लाडले को लख-लख बलैया दे रही थी। पनवारी व आसपास के गांवों से कई गणमान्य लोग अमन के स्वागत के लिए जुटे थे। अमन ने गांव के बडे-बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया और हमउम्र लोगों के गले मिलकर खुशी जाहिर की। मौके पर मौजूद प्राथमिक विद्यालय रकटू टोला के प्रधान शिक्षक वीरेंद्र कुमार आजाद, किशन शर्मा और राधेश्याम प्रसाद सहित अन्य लोगों ने कहा कि उनके लिए यह गर्व का क्षण है। युवाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकालकर अपनी खुशी का इजहार किया और अमन को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्वागत करने वालों में पनवारी पैक्स अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, भाजपा सिकरहटा मंडल भाजयुमो अध्यक्ष राहुल सिंह, सुर्यवंशी सिंह, शिक्षक शिवजी सिंह, राजीव रंजन सिंह, वीरेंद्र कुमार आजाद, संजय कुमार, विजय सिंह, किशन शर्मा, दशरथ विश्वकर्मा, विजय शाह, रौनक कुमार, प्रो. अजित सिंह, रोहित कुमार, नरेंद्र शर्मा, राधेश्याम प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### चातुर्मास यज्ञ तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**कोचस।** नगर पंचायत अंतर्गत 2027 में आयोजित की गई चतुर्मास महायज्ञ की तैयारी को लेकर यज्ञ समिति की अहम बैठक शनिवार को गंगवलिया वन स्थित बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कामेश्वर दुबे उर्फ बागी जी ने किया। बैठक में कई अहम मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। वहीं पूर्व में की गई बैठक की समीक्षा भी की गई। महायज्ञ के प्रचार प्रसार को लेकर संकल्प दोहराते हुए गांव-गांव तक संपर्क अभियान चलाने व ग्रामीण जनता की सहमति से प्रत्येक गांव में संख्या के आधार पर 7 से लेकर 11 सदस्यीय टीम का गठन करने का निर्णय लिया गया। ताकि संगठनात्मक इकाई के माध्यम से एक बड़ा टीम तैयार किया जा सके। इसके अलावा यज्ञ की सफलता व रूप रेखा की तैयारी के लिए गांव में जनसंपर्क अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके।बैठक में सर्व सम्मति से अगली बैठक 15 अप्रैल को गंगवलिया वन क्षेत्र में ही कराने का निर्णय लिया गया।बैठक का संचालन पूर्व नगर पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे ने किया।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती, अब डीआईजी जारी करेंगे टेकडाउन नोटिस

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सोशल मीडिया के जरिए अफवाह, भ्रामक जानकारी और आपत्तिजनक कंटेंट फैलाने वालों पर अब सरकार सख्ती करने जा रही है। राज्य सरकार ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर फैल रहे गैरकानूनी और समाज में तनाव पैदा करने वाले कंटेंट को रोकने के लिए एक अहम फैसला लिया है। इसके तहत साइबर क्राइम और सुरक्षा इकाई (उउरव) के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) को राज्य का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। गृह विभाग (विशेष शाखा) की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अब डीआईजी स्तर के अधिकारी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को सीधे टेकडाउन नोटिस जारी करने का अधिकार दे दिया गया है। यह अधिकार सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 79(3) और आईटी नियम 2021 में किए गए प्रावधानों के तहत दिया गया है। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भड़काऊ सामग्री पर तेजी से कार्रवाई संभव हो सकेगी। नई व्यवस्था के अनुसार अगर किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसा कंटेंट पाया जाता है जो कानून का उल्लंघन करता है, सांप्रदायिक तनाव पैदा करता है या समाज में नफरत और अफवाह फैलाने का काम करता है, तो साइबर क्राइम सेल के डीआईजी उस प्लेटफॉर्म को तुरंत उसे हटाने का निर्देश देंगे। इस निर्देश को ही टेकडाउन नोटिस कहा जाता है। अब तक इस स्तर के अधिकारी के पास सीधे टेकडाउन नोटिस जारी करने का अधिकार नहीं था, जिसके कारण कई मामलों में कार्रवाई में देरी हो जाती थी। लेकिन अब यह प्रक्रिया तेज और प्रभावी होने की उम्मीद है। सरकार ने साफ कर दिया है कि फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को सरकार के आदेशों का पालन करना होगा। यदि कोई कंपनी टेकडाउन नोटिस मिलने के बाद भी आपत्तिजनक या गैरकानूनी कंटेंट को नहीं हटाती है, तो उसके खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है। आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत सोशल मीडिया कंपनियों को ह्लसेफ हार्बरह्व यानी कानूनी सुरक्षा मिलती है। इसका मतलब यह है कि यूजर्स द्वारा डाले गए कंटेंट के लिए प्लेटफॉर्म सीधे जिम्मेदार नहीं होते। लेकिन यदि वे सरकार के निर्देशों का पालन नहीं करते, तो यह कानूनी सुरक्षा खत्म हो सकती है और कंपनी पर मुकदमा चलाया जा सकता है। नई व्यवस्था में पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की भी कोशिश की गई है।





# सिविल न्यायालय की चपरासी परीक्षा जिला के परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न

**केटी न्यूज/रोहतास**

सिविल न्यायालयों में चपरासी पद पर नियुक्ति के लिए रविवार को दो पालियों में परीक्षा ली गई। कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में ली गई। सामान्य ज्ञान, हिंदी और गणित के प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को खासकर परेशान किया। अभ्यर्थियों ने बताया कि समय प्रबंधन कठिन था, क्योंकि प्रश्न पेचीदा थे। अब उन्हें को आंसर की का इंतजार है।हालांकि अभ्यर्थियों ने तैयारी की थी,उनके लिए सवाल आसान थे।अधिकांश अभ्यर्थी ऐसे थे जो परीक्षा फॉर्म भरने के बाद कुछ दिन तैयारी कर भूल गए थे।इन्हें खासकर प्रश्न कठिन लगा।जबकि जो अब भी किसी परीक्षा के तैयारी में थे,इनके लिए प्रश्न आसान रहा। उपस्थिति की बात करे तो लंबे समय के बाग परीक्षा आयोजन से पचास प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा में 46 प्रतिशत के करीब उपस्थिति रही।

**दो पालियों में ली गई परीक्षा :** प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 2:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक संचालित हुई। यह परीक्षा भोजपुर जिला मुख्यालय स्थित 24 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षार्थियों का प्रवेश गहन जांच के बाद ही हुआ। महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला पुलिस, महिला वीक्षक द्वारा ली गई।मालूम हो कि परीक्षा को लेकर आरा मुख्यालय में अमीरचन्द गर्ल्स प्लस टू स्कूल, बीएसडीएभी पब्लिक स्कूल, मील रोड, कैथोलिक उच्च विद्यालय, डॉ नेमीचन्द शास्त्री गर्ल्स प्लस टू उच्च विद्यालय, राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, ज्ञानोदय प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय, एचपीडी जैन प्लस टू स्कूल, एचडी जैन कॉलेज, एमएम महिला कॉलेज, एचएनके प्लस टू स्कूल, मानो बैजनाथ प्लस स्कूल, आरा-पटना फोरलेन हाईवे, माउण्ट लिटरा जी स्कूल, पयहारी महाराज जी कॉलेज, राजकीय प्लस टू जिला स्कूल, राजकीयकृत श्री जैन कन्या पाठशाला प्लस टू स्कूल, जेल रोड, राम जानकी प्लस टू स्कूल, उदवन्तनगर, आरभीएस पब्लिक स्कूल, सनदिया बांध, अल हफीज कॉलेज, एसबी कॉलेज, मौलाबाग, एसएन मेमोरियल स्कूल, एसबी प्लस टू उच्च विद्यालय, मौलाबाग, श्री हरखेन कुमार जैन ज्ञानस्थली, श्री साई इंटरनेशनल स्कूल, संत जेवियरस प्लस टू एकेडमी और टाउन प्लस टू स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

# रामनवमी : 51 मोहल्लों से निकलेंगी भव्य झांकियां, पूरे पटना से महावीर मंदिर पहुंचेगा श्रीराम ध्वज



**एजेंसी। पटना**

पटना में 27 मार्च को भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकलेगी. 51 मोहल्लों की झांकियों के साथ महावीर मंदिर पर श्रीराम ध्वज अर्पित किया जाएगा. बिहार की राजधानी पटना में इस साल रामनवमी का पर्व भव्य और उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। 27 मार्च को आयोजित होने वाले इस पर्व के अवसर पर शहर के 51 से अधिक मोहल्लों से आकर्षक झांकियों के साथ विशाल शोभायात्राएं निकलेंगी, जो अंततः पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर पहुंचकर श्रीराम ध्वज अर्पित करेंगी। श्री श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के संयोजक नितिन नवीन के निर्देशन में शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम और एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा की मौजूदगी में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस बैठक का उद्देश्य लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करना था, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। बैठक में शोभायात्रा के रूट प्लान, सुरक्षा और आयोजन व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस वर्ष पटना के 51 से अधिक मोहल्लों से झांकियां निकाली जाएंगी। ये शोभायात्राएं अपने-अपने क्षेत्रों से शुरू होकर पारंपरिक मार्गों से गुजरेंगी और महावीर मंदिर पहुंचेंगी। हर झांकी के साथ भक्त रामधुनी पर झूमते नजर आएंगे और केसरिया ध्वज का नजारा अद्भुत होगा। डाकबंगला चौराहे पर समितियों का स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा, जो पूरे उत्सव का प्रमुख आकर्षण होगा।

## 51 झांकियां और रामधुनी का अनोखा संगम

इस वर्ष पटना के 51 से भी अधिक विभिन्न मोहल्लों से आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी. ये शोभायात्राएं अपने-अपने क्षेत्रों से शुरू होकर पारंपरिक रूटों से गुजरती हुई पटना जंक्शन स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर पहुंचेंगी. हर झांकी के साथ रामधुनी पर झूमते भक्त और केसरिया ध्वज का नजारा अद्भुत होगा. डाकबंगला चौराहे पर इन समितियों का स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा, जो इस पूरी यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण केंद्र होता है।

# बिहार विधान सभा में धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती, प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**एजेंसी। पटना**

पटना स्थित बिहार विधानसभा के सभागार में रविवार, 15 मार्च 2026 को छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज समिति द्वारा किया गया, जो पिछले दस वर्षों से बिहार में शिवाजी महाराज की जयंती मनाते हुए समाज सेवा के विविध कार्यों में सक्रिय रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री सम्मानित चिकित्सक डॉ. एस. एन. आर्या, समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर पटेल, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी ई. सतीश पटेल, आईएएस अधिकारी श्रीकांत शास्त्री (डीएम, बेगूसराय), आईआरटीएस अधिकारी शिव कुमार प्रसाद, आईएएस सी. जे. पटेल, प्रोफेसर अरविंद कुमार




(दिल्ली विश्वविद्यालय) सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिवाजी महाराज के जीवन और उनके पराक्रम पर आधारित नाटकीय प्रस्तुति भी की गई, जिसने दर्शकों को उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति से प्रेरित किया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रतिभा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिवाजी महाराज ने ह्लहिन्दवी स्वराजह्व की स्थापना कर भारत के पश्चिमी क्षेत्र को आक्रमणकारियों से सुरक्षित रखा और अपने साहस, रणनीति तथा गोरिल्ला युद्धकला के कारण विश्वभर में प्रसिद्ध हुए। उन्होंने हमेशा आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने की प्रेरणा दी—ह्लअपना सिर कभी मत झुकाओ, हमेशा ऊँचा रखो। समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान शासक ही नहीं बल्कि भारतीय अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक थे। वहीं ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी ई. सतीश पटेल ने बताया कि समिति बिहार के विभिन्न जिलों में गरीब बच्चों को किताब, कॉपी और शैक्षणिक सामग्री वितरित करती है, साथ ही मेडिकल कैंप लगाकर जरूरतमंदों का मुफ्त इलाज भी कराती है। उन्होंने समिति के ड्रीम प्रोजेक्ट झ्र छत्रपति शिवाजी महाराज मेमोरियल हॉस्पिटल की स्थापना का भी उल्लेख किया, जो भविष्य में गरीब और जरूरतमंद लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि बिहार के 38 जिलों के प्रमुख चौक-चौराहों पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ ही पटना के मरीन ड्राइव क्षेत्र में 100 फीट ऊँची भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी सरकार से की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भुमिका अजय सिंह आशीर्वाद इंजीकॉन प्रा. ली., डी. एन सिंह उटऊ सर्वोदय कंस्ट्रक्शन,डॉ दिलीप पटेल, राजीव कुमार उर्फ नीतीश डायरेक्टर, मगध ग्रीन होम्स, अजय पटेल डायरेक्टर सिरामिक जंक्शन, संजय कुमार सिन्हा उटऊ नूतन कंस्ट्रक्शन, प्रमोद कुमार डायरेक्टर आर. डी. इको डेवलपर, अरुण कुमार सिन्हा उटऊ कश्यप ग्रीन होम्स, सौरभ कुमार राजीव कुमार डायरेक्टर विद्या मंदिर वलासेज,राजु चम्पारण,प्रणव प्रकाश, डॉ बी बी भारती फोर्ड हॉस्पिटल, डॉ अशोक कुमार सिन्हा केशव हॉस्पिटल, कार्यकारी कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार एवं पप्पू पटेल शिवहर, रवि पटेल सीतामढ़ी, रामपुकार पटेल नेपाल, श्याम सुंदर पटेल, पवन पटेल नेपाल, नागेंद्र पटेल नेपाल, मुकेश पटेल, अरुजय कुमार जी की रही।

## एक नजर

### मुजफ्फरपुर रेल पुलिस की बड़ी कामयाबी: छपरा कचहरी कांड के अभियुक्त को 5 साल की सजा

**मुजफ्फरपुर।** राजकीय रेल पुलिस मुजफ्फरपुर को अपराध नियंत्रण और अपराधियों को सजा दिलाने की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। रेल एसपी वीणा कुमारी ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि रेल थाना छपरा कचहरी के एक मामले में माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला रेल थाना छपरा कचहरी कांड संख्या 01/25 से जुड़ा है। रेल एसपी के अनुसार, पुलिस द्वारा न्यायालय में पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत किए गए और समय पर चार्जशीट दाखिल की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से दी गई प्रभावी गवाही और पुलिस की सक्रिय पैरवी के आधार पर माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, सारण ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने प्राथमिक अभियुक्त आनन्द कुमार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(6) के तहत दोषी पाया है। आपको बता दें कि यह धारा लूट के दौरान स्वेच्छा से चोट पहुँचाने से संबंधित है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त को 05 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। जेल की सजा के साथ-साथ, माननीय न्यायालय ने अभियुक्त पर 10,000 का आर्थिक दंड (जुर्माना) भी लगाया है। जुमार्ना न भरने की स्थिति में अभियुक्त को अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ सकती है। रेल एसपी वीणा कुमारी ने बताया कि रेल पुलिस यात्रियों की सुरक्षा और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने इस सजा को पुलिस और अभियोजन पक्ष के बीच बेहतर समन्वय का परिणाम बताया है।

### छोटू मिश्रा हत्याकांड का खुलासा : मुख्य शूटर समेत 5 गिरफ्तार, हथियार और कारतूस भी बरामद

**सहरसा।** बिहार के सहरसा जिले में हुए चर्चित छोटू मिश्रा हत्याकांड का पुलिस ने महज 36 घंटे के भीतर खुलासा किया है। इस सनसनीखेज वारदात के पीछे पुरानी आपसी रंजिश को मुख्य कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य शूटर समेत कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दरअसल, बीते 13 मार्च को शहर के मीरा टॉकीज के पास बाईक सवार अपराधियों ने छोटू मिश्रा को सरेआम गोली मार दी थी। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी और लोगों में दहशत का माहौल बन गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय सूत्रों की मदद से मामले की गहन जांच शुरू की। लगातार छापेमारी और साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों की पहचान कर ली। पुलिस ने मुख्य शूटर रोहित उर्फ मिठू ठाकुर को सुपौल से गिरफ्तार किया, जबकि उसके साथी नवनीत कुमार को विद्यापति नगर से दबोचा गया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने अन्य तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित कुमार, नवनीत कुमार, अभिनव कुमार, राजा कुमार और सौरव कुमार मिश्रा के रूप में हुई है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार इनके पास से 4 पिस्टल, 1 रिवॉल्वर, 1 देसी कट्टा, 12 जिंदा कारतूस, 2 मैगजीन और एक चाकू बरामद किया गया है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में यह

# पटना में महापरिवार गणना अभियान 2026-27 की शुरूआत, सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आकलन को लेकर राज्य स्तरीय विचार गोष्ठी

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधान सभा के एनेक्सी हॉल में महापरिवार गणना अभियान समिति, बिहार के तत्वावधान में एक राज्य स्तरीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में बिहार में महापरिवार की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थितिः समस्या और समाधान विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा औपचारिक रूप से महापरिवार गणना अभियान 2026-27 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि मौजूद रहे।कार्यक्रम में अभियान के संयोजक राजीव रंजन, नेतृत्वकर्ता संजय वर्मा, अभियान प्रमुख सुधाकर श्रीवास्तव, शशिभूषण प्रसाद, मनीष सिन्हा, हरि कृपा, अमरीश सिन्हा, डॉ. चंचल सुमन, डॉ. प्रभात चंद्रा, पूर्व आईपीएस पी.के. दास, चंदन सिन्हा, पत्रकार राजीव रंजन और उमेश वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि समाज की वास्तविक जनसंख्या, आर्थिक स्थिति और सामाजिक हालात की सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए यह अभियान शुरू




किया गया है। इसके तहत पूरे राज्य में दो वर्षों तक व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण चलाया जाएगा। बैठक में प्रस्ताव पारित कर बताया गया कि महापरिवार गणना अभियान समिति के माध्यम से राज्य के विभिन्न चित्रगुप्त पूजा समितियों, सामाजिक संगठनों, सामाजिक-राजनीतिक कार्यकताओं और आम लोगों के सहयोग से इस अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके लिए बिहार कायस्थ गणना डॉट कॉम (www.biharkayasthaganna.com) के माध्यम से ऑनलाइन डेटा संग्रह किया जाएगा, ताकि समाज की वास्तविक जनसंख्या और आर्थिक स्थिति का समग्र आकलन किया जा सके। वक्ताओं ने कहा कि यदि केंद्र सरकार द्वारा होने वाली राष्ट्रीय जनगणना में जातीय गणना शामिल होती है, तब भी यह स्वैच्छिक अभियान जारी रहेगा, क्योंकि पूर्व में हुए सर्वेक्षण से समाज की वास्तविक स्थिति पूरी तरह सामने नहीं आ पाई थी। गोष्ठी में समाज के लोगों की जमीन-जायदाद पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। कई जिलों से ऐसी शिकायतें मिलने पर बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला स्तर पर ह्लमहापरिवार सुरक्षा समितिह्व का गठन किया जाएगा। इस समिति में सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता, पत्रकार और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा।

# बिहार में कार और ट्रक की सीधी टक्कर, हादसे में दो युवकों की मौत, पांच लोग बुरी तरह घायल

**एजेंसी। आरा**

भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र अंतर्गत पीरो, बिहटा हाईवे पर तिवारीडीह ओवरब्रिज के पास शनिवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया। कार और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए पीरो अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सभी को आरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। आरा में भी प्राथमिक उपचार के बाद पांचों घायलों को बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। इस हादसे में शाहपुर थाना क्षेत्र के गौड़ाढ़ गांव निवासी सुशील भट्ट के 27 वर्षीय पुत्र मनीष भट्ट और तरारी थाना क्षेत्र के बकसांडा गांव निवासी प्रियरंजन सिंह के 22 वर्षीय पुत्र लव कुमार की मौत हो गई। मनीष के पिता सुशील भट्ट रेलवे से टेक्नीशियन-वन पद से सेवानिवृत्त हैं। वहीं हादसे में घायल लोगों में तरारी थाना क्षेत्र के बकसांडा गांव निवासी ददन सिंह के पुत्र राजू कुमार (22), अशोक शर्मा के पुत्र सोनू शर्मा (22), जनार्दन सिंह के पुत्र आशीष कुमार (22), सतेंद्र सिंह के पुत्र नीरज कुमार (21) और श्याम बिहारी शर्मा के पुत्र हरी ओम शर्मा (23) शामिल हैं। बताया जा रहा है कि घायल और मृतक सभी आपस में दोस्त थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब कार चालक सड़क पार कर रहे एक राहगीर को बचाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान कार अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। मृतक मनीष के पिता सुशील भट्ट ने बताया कि उनका बेटा अपनी शादीशुदा बहन अंजनी कुमारी को बस पर बैठाने के लिए पीरो बस स्टैंड गया था। बहन को ससुराल भेजने के बाद वह दोस्तों के साथ कार से कहीं निकल गया और फोन कर मां को बताया कि घर आने में थोड़ा समय लगेगा। इसी बीच उन्हें अन्य लोगों से हादसे की सूचना मिली।

# पटना में अनिल कुमार के नेतृत्व में हुआ बहुजन शोषित संघर्ष समिति (बीएस-4) और बहुजन सेना का गठन, 20 अप्रैल को होगा महाजुटान

**एजेंसी। पटना**

बिहार में बहुजन समाज पार्टी से अलग हुए नेताओं के एक गुट ने पार्टी के बिहार प्रदेश के पूर्व प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में नए सामाजिक-राजनीतिक मंच ह्यबहुजन शोषित संघर्ष समिति (इर-4)ह्न और ह्यबहुजन सेनाह्न के गठन की घोषणा की। इस पहल का नेतृत्व बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि यह संगठन बहुजन, दलित, पिछड़े और वंचित समाज के अधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक न्याय के लिए काम करेगा। साथ ही 20 अप्रैल को पटना में एक बड़े महाजुटान का आयोजन करने की घोषणा भी की गई, जिसमें राज्यभर से बहुजन समाज के लोग शामिल होंगे। अनिल कुमार ने कहा कि बिहार में जिस तरह से राजनीतिक परिस्थितियां बदली हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ हुआ है, उससे बहुजन समाज में असंतोष बढ़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया में जनता और बहुजन समाज की आवाज को नजरअंदाज किया गया। इसी कारण सामाजिक न्याय और सम्मान की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत सामाजिक संगठन की आवश्यकता महसूस की गई। उन्होंने कहा कि नए संगठन का उद्देश्य बहुजन समाज को एकजुट कर अपनी अधिकारों की रक्षा करना है। इस संगठन में महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेकर काम करना शामिल है, जिनमें बी. आर. अंबेडकर, कांशी राम, पेरियार ई. वी. रामासामी, सावित्रीबाई फुले और जगदेव प्रसाद जैसे आदर्श नेता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन महान विभूतियों का सपना एक ऐसे भारत का निर्माण करना था जहां कल्याणकारी, सम्मान और सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो। अनिल कुमार ने बताया कि बहुजन सेना राज्य में कहीं भी दलित, पिछड़े और वंचित समाज के लोगों पर अत्याचार या अन्याय होने पर तुरंत वहां पहुंचकर पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में कई ऐसे मामले सामने आते हैं जहां पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिल पाता। ऐसे मामलों में बहुजन सेना सक्रिय भूमिका निभाएगी और जरूरत पड़ने पर आंदोलन के माध्यम से भी न्याय दिलाने का प्रयास करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन का एक प्रमुख लक्ष्य भूमि, आरक्षण और रोजगार से जुड़े मुद्दों को उठाना है। तीन डिसमिल जमीन की योजना, आरक्षण के अधिकार और युवाओं की नौकरियों जैसे विषयों पर बहुजन समाज की आवाज को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बहुजन शोषित संघर्ष समिति पूरे बिहार में संगठन का विस्तार करेगी और 20 अप्रैल को पटना में आयोजित महाजुटान के माध्यम से बड़े जनआंदोलन की शुरूआत की जाएगी। इस मौके पर संजय मंडल, रंजन कुमार, अभिमन्यु कुशवाहा, अमर आजाद पासवान, सुशील कुशवाहा, अजय कुमार, गौतम आनंद समेत सैकड़ों समर्थक मौजूद थे

# आज बिहार के 25 जिलों में बारिश-वज्रपात का अलर्ट



**एजेंसी। पटना**

बिहार में उमस भरी गर्मी से राहत मिलने वाली है। आज से 18 मार्च तक कई जिलों बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। रविवार सुबह सीमांचल के इलाकों में धूप नहीं निकली है। गुलाबी ठंड महसूस हो रही है। कुछ जिलों में सुबह हल्का कोहरा भी देखने को मिला। पिछले 24 घंटे में सीवान का सबसे कम गर्मी पड़ी। यहां का तापमान 17 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं कैमूर में सबसे अधिक गर्मी पड़ी। यहां का अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 15 मार्च यानी आज मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने बिहार के पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई, लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, गया, जहानाबाद और पटना में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी घंटे से चलेगी। मेघगर्जन के भी आसार हैं।

## 16 से 18 मार्च तक किन जिलों में बारिश का अलर्ट?

16 और 17 मार्च को पूरे बिहार में बारिश और वज्रपता का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 30 से 40 किमी रफ्तार से हवा चलेगी और मेघ गर्जन भी होंगे। वहीं 18 मार्च को गया, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, जमुई, बांका, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी में बारिश और वज्रपता का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 30 से 40 किमी रफ्तार से हवा चलेगी और मेघ गर्जन भी होंगे।

## जानिए, पिछले 24 घंटे में कहां कितनी गर्मी पड़ी?

पिछले 24 घंटे में कई जिलों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। राज्य में सबसे अधिक तापमान कैमूर में 37.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा गया में 37.1 डिग्री, शेखपुरा में 36.8 डिग्री, औरंगाबाद में 36.4 डिग्री और नालंदा-राजगीर में 35.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। वहीं भागलपुर में 35.6 डिग्री और मुंगेर में 35.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। पटना में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा छपरा में 34.3 डिग्री, मोतिहारी में 34 डिग्री, बक्सर में 33.8 डिग्री और पूर्णिया में 33 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं मुजफ्फरपुर में 31.8 डिग्री, समस्तीपुर में 31.9 डिग्री और मधुबनी में 31.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं सुपौल में 32 डिग्री और मधेपुरा में 32.1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। इधर, अररिया और फारबिसगंज में 29.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि किशनगंज में 27.8 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे कम अधिकतम तापमान रहा।

# जयमाला के बीच मातम! शादी समारोह में छत का छज्जा गिरा, 2 की मौत, 15 लोग घायल

**एजेंसी। पटना**

बिहार के औरंगाबाद जिले में एक शादी समारोह के दौरान शनिवार की रात बड़ा हादसा हो गया। जयमाला की रस्म के समय अचानक छत का छज्जा गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 15 लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं और पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। यह घटना औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेजपुरा पंचायत के मझियावा गांव की है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात करीब 11 बजे गोह प्रखंड के चापुक पंचायत स्थित पकरी गांव से बारात मझियावा गांव पहुंची थी। गांव में दरवाजा लगने के बाद जयमाला की रस्म चल रही थी और बाराती व ग्रामीण बड़ी संख्या में वहां मौजूद थे। बताया जा रहा है कि जयमाला कार्यक्रम देखने के लिए कई लोग घर की छत पर भी चढ़ गए थे, जबकि नीचे भी भीड़ लगी हुई थी। इसी दौरान अचानक छत का छज्जा भरभराकर गिर गया। छज्जा गिरते ही छत पर खड़े लोग और नीचे मौजूद कई बाराती व ग्रामीण मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। शादी समारोह में मौजूद लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही क्षणों में खुशी का माहौल दहशत और अफरातफरी में बदल गया। ग्रामीणों ने तुरंत मलबे में दबे लोगों को निकालने का प्रयास शुरू किया।